## एक नजर में

### नयापुरा में जर्जर किचन शेड की छत गिरने से छात्र घायल, विधायक ग्रेवाल पहुंचे मौके पर

**सरदारपुर।** विकासखण्ड के ग्राम नयापुरा में माध्यमिक विद्यालय के जर्जर किचन शेड की छत अचानक गिर गई। इससे 8 वी का 13 वर्षीय छात्र बंटी पिता प्रताप रावत घायल हो गया। छात्र के सिर और पैर में चोट आई थी। शुक्रवार को विधायक प्रताप ग्रेवाल ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। साथ ही विधायक ग्रेवाल ने घायल विद्यार्थी के निवास पर पहुचकर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विधायक ग्रेवाल ने घटनास्थल की स्थिति का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और कहा कि बच्चों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने विद्यार्थियो से चर्चा की जिस पर विद्यार्थियो द्वारा विद्युत व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था नहीं होने एवं भृत्य का पद रिक्त होना बताया गया। विधायक प्रताप ग्रेवाल द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी विष्णु रघुवंशी एवं विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक महेन्द्रसिंह सोलंकी को निर्देशित किया कि विधानसभा सरदारपुर के समस्त स्कूल भवन, किचन शेड एवं शौचालय का तत्काल तकनीकी निरीक्षण एवं सुरक्षा ऑडिट कराया जाए तथा जहां भी भवन असुरक्षित पाए जाएं, वहां विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। छात्रो के हित के साथ अनदेखी बर्दाश्त नही की जाएगी। विधायक प्रताप ग्रेवाल ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार बड़े-बड़े दावे कर रही है, लेकिन स्कूलों में भवनों की जर्जर स्थिति बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। इसके पूर्व भी ग्राम सोनगढ मे स्कुल की छत गिरने से 2 विद्यार्थी घायल हुए थे। एक तरफ मध्यप्रदेश विधानसभा मे सरकार जवाब देती है कि एक भी भवन जर्जर नही है वही दुसरी तरफ सरदारपुर विधानसभा मे 38 से अधिक स्कुल भवन जर्जर अवस्था मे है सरकार को घोषणाओं और प्रचार से आगे बढ़कर स्कूलों की वास्तविक स्थिति सुधारने पर ध्यान देना चाहिए। विधायक ने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और स्कूल भवनों की लापरवाही या जर्जर स्थिति को किसी भी स्तर पर नजरअंदाज नहीं किया जाएगा।

### एनपीसीआई टेक्स्ट मैसेज धोखाधड़ी के प्रति जागरूकता बढ़ा रहा

इंदौर. डिजिटल भुगतान अब पूरे देश में आसानी से उपलब्ध है, जो भारत को डिजिटल-प्रथम अर्थव्यवस्था की ओर आगे बढ़ा रहा है और लोगों को सुरक्षा एवं सुविधा दोनों प्रदान कर रहा है. आज कई धोखाधड़ी की शुरुआत एक साधारण टेक्स्ट मैसेज से होती है, जिसे तुरंत कार्रवाई करने के लिए लोगों में जल्दबाजी, डर या जिज्ञासा पैदा करने के उद्देश्य से तैयार किया जाता है. सोशल इंजीनियरिंग का यह तरीका तकनीकी विशेषज्ञता के बजाय मानवीय भावनाओं का फायदा उठाता है. यह जानना कि ये धोखाधड़ी कैसे काम करती हैं, आपको इनके चेतावनी संकेतों को पहचानने और वित्तीय धोखाधड़ी से खुद को सुरक्षित रखने में मदद कर सकता है. सुरक्षित रहने के लिए कोई भी कदम उठाने से पहले हर संदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें. किसी भी अनुरोध की पुष्टि के लिए संबंधित संस्था की आधिकारिक वेबसाइट, ऐप या कस्टमर केयर के माध्यम से सत्यापन करें. यदि आपको शिकायत दर्ज करनी पड़े, तो यह जानकारी संबंधित अधिकारियों की मदद कर सकती है.

### एचडीएफसी के सीएसआर ने 10.77 करोड़ लोगों तक पहुंच बनाई

इंदौर. एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर इनिशिएटिव के ज़रिए 10.77 करोड़ से ज़्यादा लोगों की ज़िंदगी पर असर डाला है. इन प्रोग्राम का अम्ब्रेला प्रोग्राम परिवर्तन अब भारत के सभी 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में फैला हुआ है. बैंक एनजीओ पार्टनर्स, लोकल एडमिनिस्ट्रेशन और कम्युनिटी इंस्टीट्यूशन के साथ पार्टनरशिप में काम करता है ताकि यह पक्का हो सके कि इंटरवेंशन लोकल लेवल पर रेलिवेंट, स्केलेबल और सस्टेनेबल लॉन्ग-टर्म असर देने में कैपेबल रहें. एचडीएफसी बैंक के डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर कैज़ाद भरूचा ने कहा परिवर्तन के ज़रिए हमारी सीएसआर पहल इस विश्वास से गाइड होती है कि स्थायी बदलाव गांव-गांव, परिवार-परिवार, उन समुदायों के साथ करीबी पार्टनरशिप में किया जाता है जिनकी हम सेवा करते हैं। इस साल, होलिस्टिक रूरल डेवलपमेंट प्रोग्राम को और गहरा करने और बॉर्डर के गांवों तक अपनी पहुंच बढ़ाने की हमारी कोशिशें यह पक्का करने के हमारे कमिटमेंट को दिखाती हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न छूटे.

### डिस्कवरी ने डिक्लासिफाइड: ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा की

इंदौर. इतिहास की दिशा बदल देने वाले हर निर्णायक क्षण के पीछे कई ऐसे फैसले होते हैं, जो अक्सर लोगों की नज़रों से ओझल रह जाते हैं. इन्हीं अनकहे पहलुओं को सामने लाने के लिए डिस्कवरी ने आज अपनी नई दो-भागों वाली डॉक्यूमेंट्री डीक्लासिफाइड: ऑपरेशन सिंदूर की घोषणा की. यह डॉक्यूमेंट्री देश के सबसे महत्वपूर्ण सैन्य अभियानों में से एक की दुर्लभ और पहली बार सामने लाई गई अंदरूनी झलक पेश करेगी. यह सीरीज़ 15 अगस्त, को खास तौर पर डिस्कवरी और डिस्कवरी+ पर दिखाई जाएगी. साउथ एशिया, वॉर्नर ब्रदर्स डिस्कवरी – हेड ऑफ फैक्टुअल एंटरटेनमेंट, लाइफस्टाइल × किड्स साई अभिषेक ने कहा वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी में हमारा उद्देश्य दर्शकों तक ऐसी प्रभावशाली कहानियां पहुंचाना है, जो उन्हें अपने आसपास की दुनिया को बेहतर ढंग से समझने में मदद करें. डीक्लासिफाइड- ऑपरेशन सिंदूर हमारी नई डीक्लासिफाइड फेंचाइज़ की भी शुरुआत है, जिसके माध्यम से हम दर्शकों को इतिहास की दिशा तय करने वाले महत्वपूर्ण क्षणों के और करीब लाना चाहते हैं.

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ऑल-न्यू हिल्कस को लॉन्च किया

इंदौर.. टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज हिलक्स के लॉन्च की घोषणा की, जो भारत में अपने एसयूवी पोर्टफोलियो को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है. टोयोटा की विरासत में शामिल विश्वसनीयता, मजबूती और गुणवत्ता का प्रतीक, नौवीं पीढ़ी की हाइलक्स रग्ड ड्यूरेबिलिटी और हमेशा तैयार रहने वाली क्षमता को जोड़ते हुए बहुउद्देशीय परफॉर्मेंस देने के लिए इंजीनियर की गई है. आईएमवी प्लेटफ़ॉर्म पर आधारित, ऑल-न्यू हिलक्स को इस तरह विकसित किया गया है कि यह असाधारण ऑल-राउंड उपयोगिता प्रदान करे. यह हेवी-ड्यूटी कार्यों के लिए बेहद टिकाऊ है, शहरी ड्राइविंग के लिए आरामदायक है और हल्के एडवेंचर के लिए सक्षम है. मसाकाज़ु योशिमुरा, चेयरमैन, मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ़ एग्ज़िक्यूटिव ऑफ़िसर, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, कस्टमर सेंट्रिसिटी का मतलब है आज ग्राहकों की ज़रूरतों को समझना और कल उनकी आकांक्षाओं के लिए तैयार रहना. भारत में लगभग तीन दशकों से मौजूदगी के साथ, हम लगातार अपने ग्राहकों की बात सुनकर, भविष्य में निवेश करके और भरोसे, क्वालिटी और रिलायबिलिटी पर आधारित मोबिलिटी सॉल्यूशंस प्रदान करके आगे बढ़ते जा रहे हैं.

### पिकलबॉल ग्रां प्री में टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस बना स्पोर्ट्स पार्टनर

इंदौर. मल्टी-ब्रांड स्पोर्ट्स और फिटनेस रिटेल चेन टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस ने टाइम्स नेटवर्क पिकलबॉल ग्रां प्री- मुंबई एडिशन 2026 में एक्सक्लूसिव स्पोर्ट्स पार्टनर के रूप में भागीदारी की. 23 जुलाई को मुंबई के नॉटी पिकल, द बैलार्ड पियर में आयोजित इस प्रतियोगिता में टियर-1, टियर-2 और टियर-3 शहरों से करीब 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया. इस आयोजन ने भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहे पिकलबॉल खेल को एक नया मंच प्रदान किया. इस साझेदारी पर टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक नितीन शाह ने कहा, यह हमारे लिए सिर्फ एक स्पॉन्सरशिप नहीं थी, बल्कि खेल के माध्यम से लोगों को जोड़ने वाले एक अभियान का हिस्सा बनने का अवसर था. टियर-1, टियर-2 और टियर-3 शहरों से खिलाड़ियों का उत्साह देखकर हमें बेहद खुशी हुई. इससे साफ है कि भारत में पिकलबॉल का भविष्य उज्ज्वल है. टोटल स्पोर्ट्स एंड फिटनेस हमेशा से सिर्फ खेल सामग्री बेचने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए भी काम करता रहा है.

### श्रावण मास में खंडवा रोड पर भारी मालवाहनों के प्रतिबंध के समय में संशोधन

इंदौर. श्रावण मास में कावड़ यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी शिवम वर्मा ने खंडवा रोड पर भारी मालवाहनों की आवाजाही संबंधी प्रतिबंधात्मक आदेश में आंशिक संशोधन किया है. संशोधित आदेश के अनुसार 30 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक इंदौर-खंडवा एवं खंडवा-इंदौर मार्ग पर ट्रक और अन्य भारी मालवाहक वाहनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा. ऐसे वाहन तेजाजी नगर से राऊ गोल चौराहा, एबी रोड, मानपुर, बलकवाड़ा होते हुए देशगांव मार्ग का उपयोग कर सकेंगे. प्रतिबंध केवल भारी मालवाहक वाहनों पर लागू होगा. कार, जीप, दोपहिया वाहन, यात्री बस, दूध वाहन, एलपीजी गैस सप्लाई, पानी के टैंकर, एंबुलेंस तथा अग्निशमन वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे. आदेश के उल्लंघन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

# सीएमएचओ ने परखी सिविल अस्पताल में व्यवस्थाएं

**सरदारपुर । जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनीता सिंगारे ने धार जिले के अस्पतालों का निरीक्षण किया। जिले के ब्लॉकों में स्वास्थ्य सेवा में सुधार लाने के लिए भ्रमण कर दिशा निर्देश दिए।**



मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता सिंगारे द्वारा सिविल हॉस्पिटल सरदारपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सभी चिकित्सकों को एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए। इसके बाद सीएमएचओ द्वारा एएनएम विहीन उप स्वास्थ्य केंद्र लेडगांव का निरीक्षण किया। जिसमें जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, प्रभारी परियोजना अधिकारी सत्यनारायण मकवाना सरदारपुर भी उपस्थित थे। भ्रमण के दौरान ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर उपस्थित समस्त गर्भवतियों की जांच एवं बच्चों के टीकाकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त की एवं महिलाओं से चर्चा कर दस्तक अभियान की मॉनिटरिंग की। इसके पश्चात सीएमएचओ द्वारा लेडगांव में 181 पोर्टल पर शिकायत कि गई थी कि लेडगांव में टीकाकरण नहीं हो रहा है। इस बाबत संबंधित शिकायतकर्ता के घर पहुंच कर शिकायत का त्वरित निराकरण कर निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए, जिसमें प्रति माह चतुर्थ बुधवार को टीकाकरण दिवस मनाने व गर्भवतियों की जांच के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. सिंगारे के साथ में जिला परियोजना अधिकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक जिला कम्युनिटी मोबिलाइज ब्लॉक कम्युनिटी मोबिलाइज भी मौजूद थे।

> स्वास्थ्य अधिकारी के आने की खबर सुनकर ग्राम पंचायत लेड गांव में बंगाली डॉ ने अपनी दुकान बंद छुप गए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनीता सिंगारे ने बताया कि जल्द ही टीम टीम बनाकर धार जिले में बंगालियोंकी धर पकड़की जाएगी। उक्त जानकारी संजय सिंगर बी ई ई द्वारा दी गई।

## फ्लिपकार्ट-नेटफ्लिक्स की पार्टनरशिप

इंदौर. फ्लिपकार्ट और नेटफ्लिक्स ने पार्टनरशिप करके फ्लिपकार्ट मेंबर्स को अपनी रोजमर्रा की शॉपिंग पर हर महीने नेटफ्लिक्स मोबाईल प्लान की एक्सेस पाने का अवसर प्रदान किया, जिसके लिए उन्हें अलग से सब्सक्रिप्शन लेने या बंडल्ड रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी. इस पार्टनरशिप के अंतर्गत सरल और फायदेमंद तरीके से दो अनुभवों को एक साथ पेश किया गया है, जो पहले से ग्राहकों के दैनिक जीवन का हिस्सा हैं. यह बेनेफिट 1 अगस्त से मिलना शुरू हो जाएगा. रवि अय्यर, सीएफओ एवं एसवीपी, स्ट्रेटिजक पार्टनरशिप्स, फ्लिपकार्ट ने कहा जैसे-जैसे ग्रोसरी, दैनिक जरूरत के सामानों और क्विक कॉमर्स की शॉपिंग ग्राहकों के दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनती जा रही है, वैसे-वैसे हमें उनकी दैनिक खरीददारी को ज्यादा फायदेमंद बनाने का बड़ा अवसर दिखाई दे रहा है.

## नवनियुक्त महिला मोर्चा और किसान मोर्चा जिलाध्यक्षों का दसई में स्वागत

**सरदारपुर।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा ठाकुर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रवींद्र पाटीदार (मुकाती) के प्रथम दसई आगमन पर चंदन बावड़ी हनुमान मंदिर परिसर में भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दोनों पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रज्ञा ठाकुर, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष रविंद्र पाटीदार (मुकाती), जिला पंचायत सदस्य गायत्री राजपुरोहित तथा मंडल अध्यक्ष विजय दीक्षित मंचासीन रहे। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विचार व्यक्त किए।

संचालन राकेश नाहर ने किया, जबकि मंडल महामंत्री प्रकाश पाटीदार खमालिया ने आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल चावड़ा, पूर्व जिला मंत्री मुकेश केवल, पूर्व मंडल महामंत्री दिनेश पटेल, कैलाश पलवा, राजेश भूत, मंडल महामंत्री जगदीश काग, मुकेश पटेल, बगदीराम फूलकर, राजेश बैरागी, अर्जुन सोलंकी, कन्हैयालाल पाटीदार, सोनू रघुवंशी, हरिराम मारू, विजय पाटीदार, राहुल, कमल, भूरीबाई फूलकर, रामकुंवर, अनीता पाटीदार, किरण पाटीदार सहित भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कल्चर पर आधारित ट्रैवल की मांग बढ़ी: स्काईस्कैनर

इंदौर. कल्चर भारतीयों के होलिडे की योजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. भारतीय ट्रैवलर पारंपरिक साईटसींग की बजाय अब ज्यादा गहरे और प्रामाणिक अनुभवों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जो उन्हें पारंपरिक हैरिटेज, ट्रेडिशंस, क्वीजीन, फेस्टिवल्स और समुदायों से जोड़ें. प्रमुख ग्लोबल ट्रैवल ऐप, स्काईस्कैनर ने अपनी नई रिपोर्ट, द इंडिया कल्चर ट्रैवल इंडेक्स में खुलासा किया है कि कल्चर पर आधारित ट्रैवल के लिए भारतीयों की मांग लगातार बढ़ रही है. नील घोष, ट्रैवल ट्रेंड्स एवं डेस्टिनेशंस एक्सपर्ट, स्काईस्कैनर इंडिया ने कहा लंबे समय से लोग पहले जगह चुनते थे और उसके कल्चर को वहाँ पहुँचने के बाद देखते थे. अब ट्रैवल का तरीका पलट चुका है अब ऐसे ट्रैवलर देखने को मिल रहे हैं, जो पहले यह तय करते हैं कि वो दुर्गा पूजा देखना चाहते हैं।

## घटगारा बस स्टैंड क्षेत्र में धार्मिक स्थल के सामने मृत कुत्ता दफनाने का आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

### दोषियों पर कार्रवाई और सार्वजनिक माफी की मांग, प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की अपील

**बदनावर। नगर के ग्राम घटगारा बस स्टैंड स्थित एक धार्मिक स्थल के सामने मृत कुत्ते को दफनाने के मामले को लेकर ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि टोल कर्मचारियों द्वारा धार्मिक आस्था के केंद्र के ठीक सामने मृत कुत्ते को दफना दिया गया, जिससे क्षेत्रवासियों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और लोगों में रोष व्याप्त है।**



ग्रामीणों के अनुसार आबादी क्षेत्र में स्थित एक निजी स्थान पर बेलपत्र के वृक्ष के नीचे भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित है, जहां श्रद्धालु नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते हैं। आरोप है कि इसी स्थल के सामने मृत कुत्ते को दफना दिया गया, जिसे ग्रामीण धार्मिक आस्था का अपमान मान रहे हैं।

समस्त ग्रामवासियों ने टोल प्रबंधन से मांग की है कि मृत पशु के अवशेषों को तत्काल वहां से हटाकर स्थल की समुचित सफाई कराई जाए तथा धार्मिक गरिमा के अनुरूप व्यवस्था बहाल की जाए। साथ ही प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों एवं संबंधित टोल प्रबंधक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की गई है।ग्रामीणों ने यह भी मांग की है कि टोल प्रबंधन इस घटना पर सार्वजनिक रूप से क्षेत्रवासियों से क्षमा याचना करे, ताकि लोगों की आस्था एवं विश्वास पुन: स्थापित हो सके।

## भैसोला में अव्यवस्थित सब्जी खरीदी व्यवस्था पर आक्रोश

### बीच सड़क पर नीलामी से जाम और हादसे का खतरा, भुगतान में देरी से किसान परेशान

**बदनावर। ग्राम भैसोला में फल-सब्जी खरीदी व्यवस्था अव्यवस्थित होने से किसानों में नाराजगी है। किसानों का आरोप है कि नीलामी के लिए निर्धारित स्थान नहीं होने से रोज बीच सड़क पर ही उपज की बोली लगाई जाती है, जिससे यातायात प्रभावित होता है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है।**



बखतगढ़ निवासी किसान अनोखीलाल पाटीदार ने बताया कि किसान सुबह से ही मिर्ची सहित अन्य उपज लेकर चौपाटी पहुंच जाते हैं। सड़क किनारे मोटरसाइकिलों पर रखे कट्टों की नीलामी दोपहर तक चलती है।

किसानों का आरोप है कि उपज का भुगतान तत्काल नहीं होकर करीब चार दिन बाद मिलता है, जिससे आर्थिक परेशानी बढ़ती है। व्यापारी बद्रीलाल धाकड़ ने बताया कि वे वैध लाइसेंस के तहत खरीदी करते हैं। उन्होंने चार दिन बाद भुगतान होने की पुष्टि करते हुए व्यवस्था में सुधार का भरोसा दिया। यातायात व्यवस्था को लेकर भैसोला चौकी प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। मंडी सचिव रियाज अहमद खान ने बताया कि भैसोला में फिलहाल कोई अधिसूचित फल एवं सब्जी मंडी नहीं है।

## नए येज़्दी रेंज के साथ त्योहारी सीज़न की शुरुआत की

इंदौर.. जावा येज़्दी मोटरसाइकल्स ने भारत के त्योहारी सीज़न से ठीक पहले येज़्दी की 2026 रेंज का अनावरण किया है. अनटेम्ड ट्रिनिटी नाम की ये तीन विशेष मोटरसाइकल्स – येलो फाल्कन एडवेंचर, ग्रीन माम्बा रोडस्टर और ग्रे पैंथर स्क्रैम्बलर- येज़्दी के निरंतर विकास को दर्शाती हैं, जहां हर नया रूप राइडर्स की असली ज़रूरतों को पूरा करता है. केरल से शुरू होकर, जहां ओणम के साथ भारत का त्योहारी सीज़न शुरू हो रहा है, यह तिकड़ी अब देश भर में उपलब्ध होगी. बोमन रुस्तम ईरानी, सह-संस्थापक, क्लासिक लेजेंड्स ने कहा, येज़्दी हमेशा से एक ऐसा ब्रांड रहा है जिसे जितना हमने बनाया है, उतना ही इसके राइडर्स ने भी बनाया है. राइडर्स ने येज़्दी को पीढ़ियों से आगे बढ़ाया है, इसे रीस्टोर किया है और इसके आसपास कम्युनिटीज बनाई हैं।



## 36 दिवसीय मंत्र जाप अनुष्ठान शुरू

**बाग।** नगर में चल रहे पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी मसा आदि ठाणा की पावन निश्रा में ह्रीं श्रीं अर्हमृ नमः मंत्र के 36 दिवसीय जाप अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ।

पुण्य सम्राट हॉल में विधानपूर्वक जाप कुंभ की स्थापना की गई। अनुष्ठान के अंतर्गत श्रद्धालुओं द्वारा 36 दिनों तक प्रतिदिन 36 मालाओं का जाप किया जाएगा, जिसका कुल लक्ष्य 1,25,000 मंत्र जाप पूर्ण करना है। संघ की ओर से सभी श्रद्धालुओं से पुण्य अनुष्ठान से जुड़कर धर्मलाभ लेने का आग्रह किया गया है। बहनों के सामूहिक जाप का समय दोपहर 2 बजे निर्धारित किया है, जबकि श्रावक सुविधानुसार दिन में किसी भी समय लाभ ले सकते हैं।

## गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड लॉन्च

इंदौर. एसबीआई कार्ड और गूगल ने मिलकर गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड के लॉन्च की घोषणा की है, जो फ्लेक्स बाय गूगल पे का ही एक हिस्सा है. गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड को रोज़मर्रा के भुगतान अनुभव को आसान और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसमें आपको रिवॉर्ड्स, सुविधाजनक तरीके से भुगतान और सुरक्षा एक साथ मिलती है. यह साझेदारी क्रेडिट कार्ड के क्षेत्र में एसबीआई कार्ड की भरोसेमंद विशेषज्ञता और गूगल पे के डिजिटल इकोसिस्टम को एक साथ लाकर ग्राहकों के लिए भुगतान के अनुभव को आसान और बेहतर बनाती है. एसबीआई कार्ड की मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, सलिला पांडे ने कहा, एसबीआई कार्ड में हम ग्राहकों को ऐसे शानदार प्रोडक्ट्स उपलब्ध कराने पर ज़्यादा ध्यान देते हैं, जो उनके लिए लेनदेन को ज़्यादा आसान, सुगम एवं अधिक उपयोगी बनाए. गूगल पे फ्लेक्स एसबीआई कार्ड का लॉन्च इसी दिशा में एक बड़ा कदम है. सुविधा, बेहतरीन रिवॉर्ड, आसान इस्तेमाल और सुरक्षा का यह खास मेल भारत में रोज़मर्रा के भुगतान अनुभव को नया रूप देगा.

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया

**बाग। नगर में चल रहे पुण्य स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में विराजित परम पूज्य तपस्वी रत्ना साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. आदि ठाणा की पावन निश्रा में पुण्य सम्राट प्रवचन हॉल में विविध धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।**



कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: स्मरणीय दादा गुरुदेव श्रीमद् विजय राजेंद्र सूरीश्वरजी महाराज साहब की अष्टधातु प्रतिमा के औषधियुक्त अभिषेक से हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजनों ने श्रद्धापूर्वक अभिषेक एवं गुरु पूजन में भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। पूरा वातावरण गुरु भक्ति एवं मंगलमय भावनाओं से ओत-प्रोत रहा।इस अवसर पर साध्वी ऋजुप्रिया श्रीजी म.सा. ने अपने प्रवचन में गुरु की महिमा का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि गुरु जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं। उनके बताए हुए धर्म, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलकर ही आत्मकल्याण संभव है। गुरु का सान्निध्य मानव जीवन को सही दिशा प्रदान करता है तथा आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव में समाज के महिला, पुरुष एवं युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। सभी ने गुरु वंदना एवं पूजन कर अपने जीवन में सदैव गुरु के आदर्शों का अनुसरण करने का संकल्प लिया।

**एक नजर में** ▶ मांडू विकास के साथ स्थानीय समुदाय की भागीदारी तय करने का प्रयास कर रहा जिला प्रशासन

## विद्यार्थियों ने सीखे होटल मैनेजमेंट के गुण स्थानीय लोगों को दी जाएगी प्राथमिकता

**मांडू। नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आज शनिवार, मांडू के विकास में स्थानीय समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने नवाचार की पहल की, मांडू के करीब 120 आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के विद्यार्थियों को होटल मैनेजमेंट की प्रोफेशनल ट्रेनिंग प्राचार्य डॉ वी के सिंग दी,**

धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना मांडू को प्रमोट करने के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए पहल कर रहे हैं। उसी के तहत आज स्टेट इंस्टिट्यूट ऑफ़ होटल मैनेजमेंट की फैकल्टी पर्यटन होटल मैनेजमेंट के विषय में आए लोगों ने यहां पहुंचे विद्यार्थी और उनके बालकों को विस्तृत जानकारी दी, की कैसे फील्ड में रोजगार के अवसर उन्हें आगे मिलेंगे।

प्रशासन के इस कदम का उद्देश्य मांडू में आ रहे हैं निवेशक और नए होटल रिसोर्ट में स्थानी युवाओं को रोजगार के अवसर देना पहली प्राथमिकता है, आज दी गई ट्रेनिंग में होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के अधिकारी ने विद्यार्थियों को गेस्ट हैंडलिंग हॉस्पिटैलिटी और सर्विस सेक्टर की बारी किया बताइए। आज ट्रेनिंग के बाद इस फील्ड में आने वाले उत्साहित विद्यार्थियों के लिए आगे की रणनीति ताई की गई है, सिर्फ होटल मैनेजमेंट ही नहीं विद्यार्थियों को लकड़ी कला और मांडू के इतिहास और धरोहर की जानकारी भी दी गई प्रशासन का उद्देश्य है कि स्थानीय विद्यार्थियों में अपनी धरोहर के प्रति सम्मान और सुरक्षा का भाव जागे।

विद्यार्थियों और युवाओं को प्रशासन मांडू के विकास का सहभागी बनाना चाहता है इस ट्रेनिंग के जरिए उन्हें यह बताया गया कि विकास में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है इस महत्वपूर्ण ट्रेनिंग में जो निवेशकों को जमीन दी गई है उससे प्रभावित ग्रामीणों और परिवार को रोजगार के अवसर में ज्यादा महत्व दिया जाएगा, इसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उनके भीतर लीडरशिप स्किल्स नेतृत्व क्षमता का विकास कराना है। होटल मैनेजमेंट में कई बिंदुओं पर ट्रेनिंग दी गई।

**डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन :** इसमें योग्यता 12वीं पास, और इस कोर्स की फीस ?35 हजार रुपए कोर्स की अवधि डेढ़ वर्ष, के साथ 6 महीने की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग शामिल है,

**डिप्लोमा इन फ्रंट ऑफिस:** इसमें योग्यता 12वीं पास और इस कोर्स की फीस ?30 हजार रुपए के साथ अवधि डेढ़ वर्ष, 6 माह की इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग दी जाएगी।

**डिप्लोमा इन फूड एंड बेवरेज सर्विस** -इसमें योग्यता 12वीं पास और इस कोर्स की फीस ?30 हजार रूपए इसकी अवधि 6 माह ट्रेनिंग सहित रखी गई है।

डिप्लोमा इन बेकरी एंड कन्फेक्शनरी - इसमें भी 12वीं पास योग्यता रखी गई है, कोर्स की फीस में ट्रेनिंग के डेढ़ वर्ष का समय निश्चित है।

> **करीब 120 विद्यार्थियों को प्रतिदिन दी जा रही कारोबारी ट्रेनिंग**
>
> सहायक कलेक्टर आशी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मांडू में हम होटल मैनेजमेंट की ट्रेनिंग करवा कर मांडू के विकास और रोजगार में स्थानीय समुदाय की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं इस क्षेत्र में दक्ष बनाने का प्रयास है। मांडू में कई बड़े निवेशक होटल निर्माण कर रहे हैं जिला प्रशासन का प्रयास है कि स्थानीय युवाओं को स्थान स्तर पर ही रोजगार की बेहतर अवसर मिले।